# कथन-निष्कर्ष (Statement-Conclusion)

## ❑ कथन एवं निष्कर्ष के प्रश्न

विश्लेषणात्मक क्षमता के परीक्षण संबंधी इन प्रश्नों में दिए गए कथन/कथनों की दिए गए निष्कर्षों द्वारा पुष्टि की जाती है। इनमें ध्यानपूर्वक यह देखना होता है कि निष्कर्ष I कथन/कथनों की पुष्टि करता है या निष्कर्ष II, यह भी हो सकता है कि दोनों निष्कर्ष कथन/कथनों की पुष्टि करते हों या यह भी हो सकता है कि कोई निष्कर्ष कथन/कथनों की पुष्टि न करता हो। इस प्रकार के प्रश्नों में सर्वप्रथम कथन/कथनों को कई बार पढ़कर उसे दिए गए निष्कर्षों के माध्यम से परखना चाहिए, जिससे हमें सही उत्तर प्राप्त हो सके।

## परीक्षोपयोगी प्रश्न

**निर्देश- (प्रश्न 1-12 तक) : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के कथन और निष्कर्षों पर विचार करें और उसके बाद स्पष्ट करें कि दिए गए निष्कर्ष कथन का अनुसरण करते हैं या नहीं। अपने उत्तर का चयन निम्नलिखित कूट के अनुसार करें—**

(a) केवल निष्कर्ष I ही कथन से निकलता है।
(b) केवल निष्कर्ष II ही कथन से निकलता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों ही कथन से निकलते हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II कथन से निकलते हैं।

**1.** **कथन** : शिक्षा समवर्ती सूची में है। केंद्रीय सरकार की सहमति के बिना राज्य सरकार शिक्षा में सुधार नहीं कर सकती।

**निष्कर्ष I.** : शिक्षा में शीघ्र सुधारों को लाने के लिए इसे राज्य सूची में होना चाहिए।

**निष्कर्ष II.** : राज्य शिक्षा में सुधार नहीं लाना चाहते हैं।

**उत्तर—(a)**

चूंकि शिक्षा समवर्ती सूची में है और केंद्रीय सरकार की सहमति के बिना राज्य सरकार शिक्षा में सुधार नहीं कर सकती। इसलिए शिक्षा में शीघ्र सुधारों को लाने के लिए इसे राज्य सूची में होना चाहिए। जिससे केंद्र सरकार की सहमति न मिल पाने के कारण सुधारों में कोई बाधा न उत्पन्न हो। इस प्रकार दिए गए कथन के अनुसार केवल निष्कर्ष I ही कथन से निकलता है। निष्कर्ष II किसी भी रूप में कथन का अंग नहीं है।

**2.** **कथन** : सरकार ने मेट्रोपोलिस में एक से अधिक सवारियों वाले यात्री वाहनों के लिए एक अलग लेन निश्चित करने का निर्णय लिया है।

**निष्कर्ष I.** : इस कदम से मेट्रोपोलिस की सड़कों पर भीड़ कम करने में मदद मिलेगी।

**निष्कर्ष II.** : ट्रैफिक जाम से बचने के लिए बहुत से लोग पूल कार व्यवस्था का सहारा ले लेंगे।

**उत्तर—(a)**

केवल निष्कर्ष I दिए गए कथन से निकलता है। निष्कर्ष II का कहीं से भी कथन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित नहीं हो रहा है।

**3.** **कथन** : रेल प्राधिकरण ने घोषित किया है कि वह राज्य के दो बड़े शहरों को जोड़ने वाली मेन लाइन पर शनिवार को दो दिन तक का बड़ा मरम्मत कार्य आरंभ करेगा। जिससे रेल सेवा रुक जाएगी।

**निष्कर्ष I.** : रेल प्राधिकरण के निर्णय को देखते हुए लोग अपनी यात्रा का कार्यक्रम फिर से बनाएंगे।

**निष्कर्ष II.** : लोग फिर भी इन दो दिनों में भी दोनों शहरों के बीच ट्रेन से यात्रा करने की योजना बनाएंगे।

**उत्तर—(a)**

केवल निष्कर्ष I ही कथन से प्राप्त होता है। रेल सेवा रुक जाने की घोषणा के बाद भी ट्रेन से यात्रा करने की योजना बनाने का कोई प्रश्न नहीं उठता है।

**4.** **कथन** : ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय बैंक कर्मचारियों के अक्खड़ तौर-तरीकों के खिलाफ कई ग्राहकों ने बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से शिकायत की।

**निष्कर्ष I.** : बैंक प्रबंधन को सभी कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए और दूसरे कर्मचारियों को तैनात कर देना चाहिए।

**निष्कर्ष II.** : आवश्यक कदम उठाने के लिए बैंक प्रबंधन को शाखा के प्रबंधक से रिपोर्ट मांगनी चाहिए।

**उत्तर—(b)**

सभी कर्मचारियों को वह भी बिना जांच के निलंबित कर देने से बैंक का कार्य प्रभावित हो जाएगा इसलिए निष्कर्ष I उचित नहीं है। केवल निष्कर्ष II ही कथन से निकलता है।

**5.** **कथन** : एक बड़े ट्रक के ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी ताकि अचानक सामने आ गए ऑटो रिक्शा से होने वाली टक्कर से बचा जा सके।

**निष्कर्ष I.** : ऑटो रिक्शा सामने आने वाले ट्रक से अपने वाहन को बचा लेगा।

**निष्कर्ष II. :** ट्रक ड्राइवर ऑटो रिक्शा को टक्कर लगने से पहले ट्रक को रोक लेगा।

**उत्तर—(b)**

केवल निष्कर्ष II ही कथन से निकलता है। दुर्घटना की आशंका ऑटो रिक्शा चालक की लापरवाही से उत्पन्न हुई है, जबकि इससे बचने का श्रेय ट्रक ड्राइवर को है।

**6.** **कथन :** डॉक्टर ने रोगी को चेतावनी दी कि यदि वह बीमारी ठीक कराना चाहता है और लंबा जीवन चाहता है, तो आगे से शराब न पिए।

**निष्कर्ष I. :** रोगी डॉक्टर की सलाह मान ले और शराब पीना छोड़ दे।

**निष्कर्ष II. :** रोगी शराब पीना बंद कर दे, तो हो सकता है डॉक्टर रोगी के रोग का इलाज करेगा।

**उत्तर—(a)**

केवल निष्कर्ष I ही कथन से निकलता है। निष्कर्ष II एक संभावित तथ्य के रूप में अभिव्यक्त है, जबकि इसे निश्चयात्मक तथ्य के रूप में होना चाहिए।

**7.** **कथन :** कम्पनी के अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों से कार्य समय के दौरान लंबी व्यक्तिगत कॉल न करने का आग्रह किया ताकि उत्पादकता बढ़ सके।

**निष्कर्ष I. :** अधिकांश कर्मचारी अध्यक्ष की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया करेंगे।

**निष्कर्ष II. :** अधिकांश कर्मचारी कार्य समय के दौरान लंबी व्यक्तिगत कॉल करते रहेंगे।

**उत्तर—(a)**

केवल निष्कर्ष I ही कथन से निकलता है। अध्यक्ष के आग्रह के बाद भी लंबी व्यक्तिगत कॉल करते रहने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

**8.** **कथन :** स्थानीय सांस्कृतिक क्लब ने क्लब की बिल्डिंग बनाने के लिए पैसा इकट्ठा करने के लिए संगीत का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया है।

**निष्कर्ष I. :** स्थानीय निवासी इलाके में क्लब को संगीत कार्यक्रम आयोजित न करने देंगे।

**निष्कर्ष II. :** संगीत कार्यक्रम आयोजित करके इकट्ठा हुआ पैसा क्लब के लिए निर्माण कार्य शुरू करने के लिए काफी होगा।

**उत्तर—(d)**

न तो निष्कर्ष I और न तो निष्कर्ष II कथन से निकलता है। कथन में इन निष्कर्षों को निगमित करने लायक तथ्य मौजूद नहीं हैं।

**9.** **कथन :** पिछले कुछ वर्षों से भारत में डॉल्फिनों की संख्या तेजी से कम हो रही है।

**निष्कर्ष I. :** डॉल्फिनों का प्रजनन मछलीघरों और सुरक्षित जगहों में होना चाहिए।

**निष्कर्ष II. :** डॉल्फिनों के संरक्षण हेतु प्रयास किए जाने चाहिए।

**उत्तर—(b)**

केवल निष्कर्ष II ही कथन से निकलता है। डॉल्फिनों की संख्या में कमी का कारण प्रजनन का सुरक्षित जगहों में न होना नहीं बताया गया है। अतः निष्कर्ष I नहीं निकाला जा सकता है। चूंकि डॉल्फिनों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है, इसलिए निष्कर्ष II की कार्यवाही अर्थात डॉल्फिनों के संरक्षण का प्रयास अवश्य करना चाहिए।

**10.** **कथन :** भारतीय विश्वविद्यालयों से बढ़ती संख्या में निकलने वाले ग्रेजुएट रोजगार योग्य नहीं हैं।

**निष्कर्ष I. :** पाठ्यक्रम की रोजगारपरक विषय-वस्तु तय करने के लिए उच्च शिक्षा के कॉलेजों और संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए।

**निष्कर्ष II. :** विश्वस्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**उत्तर—(a)**

केवल निष्कर्ष I ही कथन से निकलता है। विदेशी विश्वविद्यालयों की रोजगारपरकता से संबंधित कोई तथ्य कथन में नहीं निहित है। अतः निष्कर्ष II कथन से नहीं प्राप्त हो रहा है।

**11.** **कथन :** राज्य विधान सभा के चुनावों से पहले अक्टूबर में राज्य में भारी बारिश हुई, जिससे राज्य के अधिकांश भागों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ।

**निष्कर्ष I. :** उम्मीदवारों को प्रचार का अवसर देने के लिए चुनाव स्थगित किए जाने चाहिए।

**निष्कर्ष II. :** सरकार को प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

**उत्तर—(b)**

केवल निष्कर्ष II ही कथन से प्राप्त हो रहा है। कथन में प्रचार के कम अवसर के नहीं बल्कि फसल के भारी नुकसान की बात की गई है।

**12.** **चन्द्रमा सूर्य की तुलना में अधिक उपयोगी है, क्योंकि चन्द्रमा हमें तब प्रकाश देता है जब हमें उसकी वास्तव में जरूरत होती है, जबकि सूर्य हमें दिन में तब रोशनी प्रदान करता है जब हमें उसकी जरूरत नहीं होती।**

**यह कहना मूर्खता है, क्योंकि—**

(a) चन्द्रमा की अपनी कोई रोशनी नहीं होती।

(b) जब भी रात को चन्द्रमा होता है तब अंधेरा नहीं होता।

(c) सूर्य के कारण ही दिन होता है।

(d) चन्द्रमा उतना चमकीला नहीं होता जितना कि सूर्य।

**उत्तर—(c)**

प्रश्नगत कथन में यह कहना मूर्खता है कि सूर्य हमें दिन में तब रोशनी प्रदान करता है जब हमें उसकी जरूरत नहीं होती, क्योंकि सूर्य के कारण ही दिन होता है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**निर्देश- आगे के प्रश्नों (13-21) में एक/दो कथनों के आगे निष्कर्ष एवं अनुमान दिए गए हैं, आप सामान्य ज्ञात तथ्यों में अंतर होने पर भी दोनों वाक्यों की पड़ताल, सत्य समझकर करें, आप तय करें कि दिए गए निष्कर्षों एवं अनुमानों में से कौन-सा यदि कोई हो, दिए गए कथनों से निकलता है—**

**13. कथन : 1. सिपाही अपने देश की सेवा करते हैं।**

**2. छात्र सिपाही नहीं हैं।**

**निष्कर्ष : I. छात्र अपने देश की सेवा नहीं करते।**

**II. कुछ छात्र अपने देश की सेवा करते हैं।**

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है।

(b) केवल II निष्कर्ष निकलता है।

(c) न I निष्कर्ष निकलता है और न ही II।

(d) I तथा II दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

**उत्तर-(c)**

प्रश्नगत कथनों से न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II प्राप्त हो रहा है। कथन में यह नहीं कहा गया है कि केवल सिपाही ही देश की सेवा करते हैं। अतः यह निष्कर्ष निर्गत नहीं किया जा सकता है कि छात्र अपने देश की सेवा नहीं करते हैं। इसी प्रकार द्वितीय निष्कर्ष के संबंध में भी कथन में कुछ नहीं कहा गया है।

**14. कथन : भारत के गौरवमय अतीत का सर्वोत्तम उदाहरण पश्चिम में आयुर्वेदिक औषधियों की बढ़ती हुई लोकप्रियता है।**

**निष्कर्ष : I. आयुर्वेदिक औषधियां भारत में लोकप्रिय नहीं हैं।**

**II. भारत में ऐलोपैथिक औषधियां लोकप्रिय नहीं हैं।**

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है।

(b) केवल II निष्कर्ष निकलता है।

(c) I व II दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

(d) न तो I निष्कर्ष निकलता है और न ही II।

**उत्तर—(d)**

प्रश्नगत कथन से न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II प्राप्त हो रहे हैं। कोई भी निष्कर्ष कथन में अंतर्निहित नहीं है।

**15. कथन : बाह्य स्रोतों से प्राप्त खुशी क्षणिक होती है। चिरस्थायी खुशी अपने भीतर से आती है।**

**निष्कर्ष : I. कोई भी व्यक्ति बाहर की खुशी को अनुभव नहीं कर सकता।**

**II. सिनेमा से मिलने वाली खुशी चिरस्थायी नहीं होती।**

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।

(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।

(c) I और II में से कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

(d) I और II दोनों निष्कर्ष नहीं निकलते हैं।

**उत्तर—(b)**

कथनानुसार बाह्य स्रोतों से प्राप्त खुशी क्षणिक होती है। अतः निष्कर्ष II सही है, क्योंकि सिनेमा एक बाह्य स्रोत है।

**16. कथन : यदि खेलकूद को अधिक प्रोत्साहन दिया जाए, तो भारतीय ओलंपिक प्रतियोगिताओं में अधिक स्वर्ण पदक जीत लेंगे।**

**निष्कर्ष : I. भारतीय स्वर्ण पदक नहीं जीतते।**

**II. खेलकूद को अधिक प्रोत्साहन से निष्पादकता में सुधार होगा।**

(a) केवल I निष्कर्ष मान्य है। (b) केवल II निष्कर्ष मान्य है।

(c) दोनों निष्कर्ष मान्य हैं। (d) दोनों निष्कर्ष अमान्य हैं।

**उत्तर—(b)**

कथनानुसार यदि खेलकूद को अधिक प्रोत्साहन दिया जाए, तो भारतीय ओलंपिक प्रतियोगिताओं में अधिक स्वर्ण पदक जीत लेंगे। इससे स्पष्ट है कि खेलकूद को अधिक प्रोत्साहन देने से निष्पादकता में सुधार होगा। अतः निष्कर्ष II सही है, परंतु निष्कर्ष I कथन द्वारा समर्थित नहीं है।

**17. कथन : शिशुपालन एक कला है और युवा माता-पिता को शिशुपालन की रीतियों में प्रशिक्षण की जरूरत होती है।**

**निष्कर्ष : I. आजकल युवा माता-पिता को शिशुपालन का कोई ज्ञान नहीं होता।**

**II. प्रशिक्षण से युवा दंपत्ति बेहतर माता-पिता बन जाएंगे।**

(a) केवल I निकलता है।

(b) केवल II निकलता है।

(c) न I निकलता है और न ही II।

(d) I तथा II दोनों निकलते हैं।

**उत्तर—(b)**

प्रश्नगत कथन में शिशुपालन हेतु माता-पिता को प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई गई है, जिससे निष्कर्ष II प्राप्त हो रहा है जबकि निष्कर्ष I कथन द्वारा समर्थित नहीं है।

**18. कथन : 1. सभी सद्गुणी प्रसन्न हैं।**

**2. कोई दुःखी व्यक्ति सद्गुणी नहीं है।**

**निष्कर्ष : I. प्रसन्नता और सद्गुण का परस्पर संबंध है।**

**II. दुःखी व्यक्ति सद्गुणी नहीं होता।**

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।

(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।

(c) I अथवा II में से कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है।

(d) I तथा II दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

उत्तर—**(d)**

प्रश्नगत कथन से स्पष्ट है कि प्रसन्नता और सद्गुण का परस्पर संबंध है और दु:खी व्यक्ति सद्गुणी नहीं होता। इस प्रकार दोनों ही निष्कर्ष प्राप्त हो रहे हैं।

**19. कथन : अधिकारी-वर्ग अपने बच्चों को भी अधिकारी बनाना चाहता है।**

**निष्कर्ष : I. केवल यही एक अच्छी नौकरी उपलब्ध है।**

**II. वे अपने बच्चों को भी वही सुविधाएं और अधिकार दिलाना चाहते हैं, जो वे अपने कार्यकाल में पाते रहते हैं।**

(a) केवल I निष्कर्ष ही निहित है।

(b) केवल II निष्कर्ष ही निहित है ।

(c) I और II निष्कर्ष दोनों निहित हैं।

(d) I और II निष्कर्ष दोनों निहित नहीं हैं।

उत्तर—**(b)**

प्रश्नगत कथन में निष्कर्ष II स्पष्ट रूप से अंतर्निहित है, किंतु निष्कर्ष I निहित नहीं है।

**20. कथन : 1. भारत एक औद्योगिक राष्ट्र बन रहा है।**

**2. प्रदूषण औद्योगिकीकरण से संबद्ध समस्या है।**

**निष्कर्ष : I. सभी औद्योगिक केंद्र प्रदूषित हैं।**

**II. भारत प्रदूषित है।**

**III. प्रदूषित राष्ट्र औद्योगिक है।**

**IV. भारत प्रदूषित हो सकता है।**

**निम्न में कौन सही (सत्य) है?**

(a) सभी सत्य हैं।

(b) कोई भी सही नहीं है।

(c) केवल (IV) सही है।

(d) केवल (II) सही है।

(e) केवल (III) सही है।

उत्तर—**(c)**

प्रदूषण औद्योगिकीकरण से संबद्ध समस्या है। चूंकि भारत एक औद्योगिक राष्ट्र बन रहा है, अतः भारत प्रदूषित हो सकता है। केवल निष्कर्ष (IV) सही है। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर है।

**21. कथन : 1. विश्व की जनसंखा हर वर्ष बढ़ती है।**

**2. जनसंख्या विस्फोट से विश्व में खाद्य समस्या है।**

**निष्कर्ष : I. जनसंख्या नियंत्रण से विश्व की खाद्य समस्या कम हो जाएगी।**

**II. अधिक जनसंख्या के लिए अधिक खाद्य उत्पादन की आवश्यकता है।**

**दिए हुए कथनों के आधार पर कौन से निष्कर्ष सही हैं?**

(a) दोनों (I) तथा (II) सत्य हैं।

(b) दोनों (I) तथा (II) असत्य हैं।

(c) केवल (I) सत्य है।

(d) केवल (II) सत्य है।

(e) उपरोक्त में कोई नहीं।

उत्तर—**(a)**

जनसंख्या विस्फोट से यदि विश्व में खाद्य समस्या है, तो निश्चित ही जनसंख्या नियंत्रण से विश्व की खाद्य समस्या कम हो जाएगी। कथन 2 से यह भी निष्कर्ष निकलता है कि अधिक जनसंख्या के लिए अधिक खाद्य उत्पादन की आवश्यकता है। स्पष्ट है कि दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

**निर्देश : प्रश्न संख्या 22 से 25 में प्रत्येक प्रश्न के पहले एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए हैं। अपको निर्णय करना है कि कौन-सा निष्कर्ष कथन से स्पष्ट रूप से निकलता है अपने निर्णय के आधार पर सही विकल्प का चयन करें-**

**22. कथन : चमगादड़ अंडे नहीं देते इसलिए चमगादड़ पक्षी नहीं हैं।**

**निष्कर्ष : I. सभी पक्षी अंडे देते हैं।**

**II. केवल पक्षी अंडे देते हैं।**

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।

(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।

(c) निष्कर्ष I और II निकलते हैं।

(d) न तो निष्कर्ष I निकलता है और न ही निष्कर्ष II ।

उत्तर—**(a)**

कथनानुसार, चमगादड़ अंडे नहीं देते इसलिए चमगादड़ पक्षी नहीं हैं। इस कथन से यही निष्कर्ष मात्र प्राप्त होता है कि सभी पक्षी अंडे देते हैं। अतः कथन में मात्र निष्कर्ष I निहित है।

**23. कथन : लाइट सूर्य से आती है; पंख लाइट होते हैं।**

**निष्कर्ष : I. पंख सूर्य से आते हैं।**

**II. सूर्य लाइट है।**

(a) केवल I निहितार्थ है।

(b) केवल II निहितार्थ है।

(c) I और II दोनों निहितार्थ हैं।

(d) न I निहितार्थ है और न ही II।

**उत्तर—(a)**

निष्कर्ष I निहितार्थ है क्योंकि कथन में कहा गया है कि लाइट सूर्य से आती है और पंख लाइट होते हैं। अतः पंख सूर्य से आते हैं यह निष्कर्ष कथन में निहित है। लाइट सूर्य से आती है न कि सूर्य लाइट है। अतः निष्कर्ष II नहीं निहित है।

**24. कथन : 1. कुछ डॉक्टर शिक्षक होते हैं।**

**2. सभी शिक्षक उपबोधक होते हैं।**

**निष्कर्ष : I. कुछ उपबोधक शिक्षक नहीं हैं।**

**II. कुछ डॉक्टर उपबोधक हैं।**


(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।


(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।

(c) I और II दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

(d) न निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।

**उत्तर—(b)**

कथन में कहा गया है कि कुछ डॉक्टर शिक्षक होते हैं और सभी शिक्षक उपबोधक होते हैं। अतः कुछ डॉक्टर उपबोधक होंगे। इस प्रकार निष्कर्ष II सही है। निष्कर्ष I सत्य हो सकता है किंतु इसके सत्य होने की गारंटी नहीं है। कथन 2 में यह भी अंतर्व्याप्त है कि सभी शिक्षक उपबोधक हैं और सभी उपबोधक शिक्षक अर्थात कोई भी उपबोधक शिक्षक के अतिरिक्त नहीं हैं। कुछ उपबोधक शिक्षक के अतिरिक्त भी हो सकते हैं। इस प्रकार उपबोधक के संबंध में दोनों स्थितियां हो सकती हैं। वे केवल शिक्षक हों या फिर शिक्षक के अतिरिक्त भी हों। कथन 2 से एक वेन आरेख इस प्रकार बन सकता है, जिसमें शिक्षक पूरी तरह उपबोधक को आवृत करता हो जैसे- 

। दूसरा वेन आरेख वह बन सकता है जिसमें शिक्षक के अतिरिक्त कुछ उपबोधक शेष रहेंगे। जैसे- 


**25. कथन : 1. सभी पशुओं के चार पैर होते हैं।**

**2. सभी बकरियां पशु होती हैं।**

**निष्कर्ष : I. सभी बकरियां चार पैर वाली होती हैं।**

**II. कुछ चार पैर वाली, बकरियां होती हैं।**

(a) केवल I ही निहित है।

(b) केवल II ही निहित है।

(c) I और II दोनों निहित हैं।

(d) I और II दोनों निहित नहीं हैं।

**उत्तर—(c)**

प्रश्नगत कथनानुसार, सभी पशुओं के चार पैर होते हैं और सभी बकरियां पशु होती हैं। इससे स्पष्ट है कि सभी बकरियां चार पैर वाली होती हैं। चार पैर वालों में कुछ बकरियां भी होंगी। इस प्रकार दोनों निष्कर्ष सत्य हैं। अतः निष्कर्ष I और II दोनों निहित हैं।

**निर्देश-निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक में एक प्रश्न तथा दो कथन क 1 तथा क 2 हैं। आपको निर्णय लेना है कि कथन क 1 तथा क 2 प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। आपका विकल्प होगा-**

**(A1) यदि आपको प्रश्न का उत्तर केवल क 1 से मिलता है किंतु केवल क 2 से नहीं मिलता।**

**(A2) यदि आपको प्रश्न का उत्तर केवल क 2 से मिलता है किंतु केवल क 1 से नहीं मिलता।**

**(A3) यदि आपको प्राश्न का उत्तर क 1 एवं क 2 दोनों के एक साथ प्रयोग से मिलता है जब कि कोई भी कथन अपने आप में उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।**

**(A4) यदि उत्तर देने के लिए क 1 अपने आप में पर्याप्त है तथा क 2 अपने आप में पर्याप्त है।**

**(A5) यदि आपको प्राश्न का उत्तर क 1 एवं क 2 दोनों के प्रयोग से भी नहीं मिलता तथा उत्तर प्राप्ति के लिए कुछ अधिक सूचना की आवश्यकता है।**

**26. निम्नलिखित कथन तथा निष्कर्षों को ध्यान में रखकर निर्णय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष तर्किक है/हैं।**

**कथन: सैनिक अपने देश की सेवा करते हैं।**

**निष्कर्ष : I सामान्यतः पुरुष अपने देश की सेवा करते हैं।**

**II जो अपने देश की सेवा करते हैं वे सैनिक हैं।**

**III कुछ पुरुष जो सैनिक हैं, अपने देश की सेवा करते हैं।**

**IV महिलाएं अपने देश की सेवा नहीं करतीं क्योंकि वे सैनिक नहीं होती हैं।**

(a) III (b) II

(c) I (d) I व II

**उत्तर—(a)**

दिए गए कथन के आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि सामान्यतः पुरुष अपने देश की सेवा करते हैं और यह भी नहीं कहा जा सकता कि जो अपने देश की सेवा करते हैं, वे सैनिक हैं। कथन के आधार पर चतुर्थ निष्कर्ष भी नहीं निकाला जा सकता कि महिलाएं अपने देश की सेवा नहीं करतीं क्योंकि वे सैनिक नहीं होती हैं। तीसरे निष्कर्ष के अनुसार, कुछ पुरुष जो सैनिक हैं, अपने देश की सेवा करते हैं, सत्य है। अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।